पत्रिका

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा

# स्वच्छता अभियान चलाकर बापू को दी श्रद्धांजलि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**डौंडीलोहारा.** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में प्रभारी प्राचार्य प्रो राजूलाल कोसरे व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो पुरुषोत्तम भुआर्य के नेतृत्व गांधी जयंती पर महाविद्यालय परिसर, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, यात्री प्रतीक्षालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी व स्वच्छता अभियान के प्रभारी प्रो पुरुषोत्तम भुआर्य ने बताया कि पूरे देश में लोग स्वच्छता अभियान में भाग लेकर महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि अर्पित करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया है कि एक घंटे श्रमदान करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत साझी जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ स्वयंसेवक धनेश साहू ने बताया कि स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है। इससे पहले मन की बात के 105वें एपिसोड में पीएम मोदी ने लोगों से अपनी गली, मोहल्ले या किसी पार्क, नदी, झील या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया था।

02/10/2023 | Balod | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# कारगिल विजय दिवस पर रासेयो स्वयं सेवकों ने रोपे पौधे



**डौंडीलोहारा @ पत्रिका .** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध के नायकों और शहीदों के शौर्य और अद्भुत पराक्रम को सलाम और याद किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और रेडरिबन क्लब के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर के बॉटनिकल गार्डन में फलदार एवं छायादार पौधे रोपे। कार्यक्रम पुरुषोत्तम भुआर्य कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी भुआर्य ने बताया कि महाविद्यालय परिसर चट्टानी एवं पथरीली जमीन पर बना है। इस कारण यहां कोई भी पौधे ज्यादा दिन तक नहीं रह पाते। इस बार पौधे ऐसी जगह पर लगाए गए हैं, जहां पथरीली जमीन नहीं है। अलग से काली मिट्टी डालकर पौधे को संरक्षित करने का प्रयास किया गया। पौधरोपण में वरिष्ठ स्वयंसेवक धनेश्वर साहू, देवकुमार, हितेश, नंदकिशोर, हरीश, भूमिका, अंजलि, मनीषा, दीपेश, छत्रपाल, कीर्ति, प्रकाश का सहयोग रहा।

Date: 28/07/2023, Edition: Baloda, Page: 4
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर
बालोद-दल्ली 02-10-2023

# कॉलेज परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और यात्री प्रतीक्षालय की सफाई की गई

भास्कर न्यूज़ | डौंडीलोहारा



डौंडीलोहारा. स्वच्छता अभियान रैली निकालते कॉलेज स्टूडेंट्स।

शासकीय एकलव्य कॉलेज में प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रभारी प्राचार्य प्रो राजूलाल कोसरे व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो पुरुषोत्तम भुआर्य के नेतृत्व प्राध्यापक, कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ने कॉलेज परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ,यात्री प्रतीक्षालय में स्वच्छता अभियान चला कर सफाई कर स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी व स्वच्छता अभियान के प्रभारी प्रो पुरुषोत्तम भूआर्य ने बताया कि पूरे देश में लोग स्वच्छता अभियान में भाग लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि अर्पित करेंगे। यह अभियान गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर शुरू होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया है कि इस अभियान में भाग लेकर एक घंटे श्रमदान करें। उन्होंने कहा, स्वच्छ भारत साझी जिम्मेदारी है। इसलिए स्वच्छ भविष्य की शुरुआत के लिए उत्कृष्ट प्रयास में शामिल हों। उन्होंने अभियान के संबंध में 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' का नारा दिया था। यह पहल स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 की एक कड़ी है। राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ स्वयंसेवक धनेश साहू ने बताया कि स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है।

हरिभूमि
रायपुर - इस्पात ग्रामीण
2 Oct 2023

छात्राएं, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, निगम के कर्मचारी, स्वच्छता दीदीया, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, अन्य संगठनों ने बढ़ चढ़कर शहर की साफ-सफाई में अपना योगदान देकर स्वच्छता का संदेश देते स्वच्छता का संकल्प लिया।

श्रमदान में स्थलों की साफ-सफाई के साथ, फॉगिंग, खरपतवार की सफाई व सड़क पर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई। श्रमदान अभियान में सैकड़ों की संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने जुड़कर एक साथ बढ़ चढ़कर अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में नगर पालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## शासकीय एकलव्य महाविद्यालय



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य प्रो राजूलाल कोसरे व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पुरुषोत्तम भुआर्य के नेतृत्व में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के पूर्व आज समस्त प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता व कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ,तथा महाविद्यालय के आसपास व यात्री प्रतीक्षालय में स्वच्छता अभियान चला कर साफ़ सफाई की गई। स्वच्छता अभियान के प्रभारी प्रो. भुआर्य ने बताया कि आज सुबह 10 बजे से स्वच्छता अभियान में भाग लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि अर्पित की गई। यह पहल स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 की एक कड़ी है। इस स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक समस्त अतिथि व्याख्याता समस्त कर्मचारी समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना व महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

दैनिक भास्कर
बालोद-दल्ली 02-10-2023

## बापू को याद करते हुए चलाया स्वच्छता अभियान



**डौंडीलोहारा।** रविवार को ग्राम सेम्हरडीह में एक दिवसीय श्रमदान कर गली मोहल्ले,चौक चौराहों, स्कूल, आंगनबाड़ी, तालाब, हैंडपंप,गौठान आदि जगहों की सफाई की। धनेश साहू ने बताया कि आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गांधी जयंती से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से एक अनोखा आह्वान किया है। ग्राम पंचायत सेम्हरडीह के नागरिकों ने डेढ़ घंटे स्वच्छता अभियान चलाया। ग्राम पंचायत सेम्हरडीह की सरपंच भगवती बाई प्रीतम ने बताया कि यह महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि होगी।